**SET – 1**

**Series : SGN/C**

कोड नं.
**Code No. 64/1**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं तथा **2** पृष्ठ मानचित्रों के हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **22** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages and **2** pages of maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **22** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

सामान्य निर्देश :

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल 22 प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न-संख्या 1 से 7 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न-संख्या 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है । इनमें से एक प्रश्न मूल्य आधारित प्रश्न है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 – 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न-संख्या 14 से 20 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न-संख्या 21 और 22 मानचित्रों पर पहचान **अथवा** स्थानीकरण तथा भूगोलीय विशेषताओं से संबंधित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है ।*

*(vii)* *आपको दिए गए **संसार** तथा **भारत** के रेखा मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका से संलग्न अवश्य करें ।*

*(viii)* *रेखा-मानचित्रों के रेखांकन के लिए स्टेन्सिल या टेम्पलेट्स के उपयोग की अनुमति दी जाती है ।*

**General Instructions :**

*(i)* *There are **22** questions in all.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *Question numbers **1-7** are very short answer questions carrying **1** mark each. Answer to each of these questions should not exceed **40** words.*

*(iv)* *Question numbers **8-13** are short answer questions carrying **3** marks each. Out of these one question is a value based question. Answer to each of these questions should not exceed **80-100** words.*

*(v)* *Question numbers **14-20** are long answer questions carrying **5** marks each. Answer to each of these questions should not exceed **150** words.*

*(vi)* *Question numbers **21** and **22** are related to identification or locating and labelling of geographical features on maps, carrying **5** marks each.*

*(vii)* *Outline maps of the **World** and **India** provided to you must be attached within your answer-book.*

*(viii)* *Use of **templates** or **stencils** for drawing outline maps is allowed.*

1. एशिया के नगरीय क्षेत्रों में लिंग अनुपात पुरुषों के अनुकूल क्यों हैं ? **1**

Why is sex ratio in Asian urban areas remains male dominated ?

2. 'कर्तन और दहन' कृषि की व्याख्या कीजिए । **1**

Explain 'Slash and Burn' agriculture.

3. 'विवृत खदान' का अर्थ क्या है ? **1**

What is the meaning of 'open cast mining' ?

4. 'लक्ष्य क्षेत्र नियोजन' की संकल्पना की परख कीजिए । **1**

Examine the concept of 'Target Area Planning'.

5. "खनिज संसाधनों के संरक्षण की तुरंत आवश्यकता है ।" न्यायसंगत ठहराइए । **1**

"There an urgent need to conserve mineral resources." Justify.

6. स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना क्या है ? इसका एक लाभ लिखिए । **½+½ = 1**

What is 'Golden Quadrilateral' ? Give one advantage of it.

7. सीमा सड़क संगठन (बी.आर.ओ.) के प्रमुख कार्य का उल्लेख कीजिए । **1**

Mention the major function of Border Road Organisation (BRO).

8. "प्रकृति अवसर प्रदान करती है और मानव इनका उपयोग करता है तथा धीरे-धीरे प्रकृति का मानवीकरण हो जाता है ।" इस कथन को प्रमाणित कीजिए । **3**

"Nature provides opportunities and humans make use of these and slowly nature gets humanized." Substantiate the statement.

9. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार राष्ट्रों के लिए परस्पर किस प्रकार लाभदायक है ? स्पष्ट कीजिए । **3**

Explain how the International trade is mutually beneficial to nations.

10. यह एक नवीन प्रवृत्ति है जिसमें मनुष्य शहर के घने बसे क्षेत्रों से हटकर रहन-सहन की अच्छी गुणवत्ता की खोज में शहर के बाहर स्वच्छ एवं खुले क्षेत्रों में जा रहे हैं । बड़े शहरों के समीप ऐसे महत्त्वपूर्ण उपनगर विकसित हो जाते हैं, जहाँ से प्रतिदिन हज़ारों व्यक्ति अपने घरों से कार्यस्थलों पर आते-जाते हैं ।

ऊपर दिए गए, अनुच्छेद के संदर्भ में मानव के लिए 'स्वच्छ पर्यावरण' के मूल्यों को न्यायसंगत ठहराइए । **3**

It is a new trend of people moving away from congested urban areas to cleaner areas outside the city in search of a better quality of living. Important suburbs develop around major cities of the world and everyday thousands of people commute from their homes in the suburbs to their work place in the city.

In the light of the above paragraph, justify the values of cleaner environment for humankind.

11. खनिज आधारित उद्योग किस प्रकार रसायन आधारित उद्योगों से भिन्न हैं ? स्पष्ट कीजिए । **3**

How are mineral based industries different from chemical based industries ? Explain.

12. "भारत में उद्योग वायु के प्रमुख प्रदूषक हैं ।" कथन का मूल्यांकन कीजिए । **3**

"The industries are major air polluters in India." Evaluate the statement.

13. नीचे दी गई तालिका का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**1 + 2 = 3**

**भारत – नगरीकरण की प्रवृत्तियाँ 1951-2011**

| वर्ष | नगरों/नगरीय संकुलों की संख्या | नगरीय जनसंख्या (हज़ारों में) | कुल जनसंख्या का % | दशकीय वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1951 | 2,843 | 62,443.7 | 17.29 | 41.42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | 26.41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |
| 2011 | 7,935 | 3,77,000 | 31.16 | 31.08 |

(13.1) किस दशक के दौरान नगरीकरण की दशकीय वृद्धि का अनुपात सर्वाधिक था ?

(13.2) कस्बों और नगरीय क्षेत्रों में नियमित वृद्धि के लिए किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए ।

Study the following table carefully and answer the questions that follow :

**India – Trends of Urbanisation 1951-2011**

| Year | Number of Towns/UAs | Urban Population (in thousands) | % of Total Population | Decennial Growth (%) |
|---|---|---|---|---|
| 1951 | 2,843 | 62,443.7 | 17.29 | 41.42 |
| 1961 | 2,365 | 78,936.6 | 17.97 | 26.41 |
| 1971 | 2,590 | 1,09,114 | 19.91 | 38.23 |
| 1981 | 3,378 | 1,59,463 | 23.34 | 46.14 |
| 1991 | 4,689 | 2,17,611 | 25.71 | 36.47 |
| 2001 | 5,161 | 2,85,355 | 27.78 | 31.13 |
| 2011 | 7,935 | 3,77,000 | 31.16 | 31.08 |

(13.1) During which decade the percentage of decennial growth of urbanization was maximum ?

(13.2) Explain any two reasons for the regular growth of towns and urban areas.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **13** के स्थान पर हैं : **1 + 2 = 3**

(13.1) नगरीकरण से क्या अभिप्राय है ?

(13.2) भारत में कस्बों और नगरों की वृद्धि के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए ।

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. **13**.


(13.1) What is the meaning of urbanization ?

(13.2) Explain any two reasons for the growth of towns and cities in India.

14. 'फुटकर व्यापार' का क्या अर्थ है ? ग्रामीण विपणन केन्द्रों और नगरीय विपणन केन्द्रों की किन्हीं दो-दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए । **1 + 2 + 2 = 5**

What is the meaning of 'retail trading' ? Describe any two features each of Rural marketing and Urban marketing centres.

15. दिए गए पार-कैनेडियन रेलमार्ग का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 3 = 5**





(15.1) इस रेलमार्ग के दोनों सिरों के स्टेशनों के नाम लिखिए ।

(15.2) कृषि प्रदेश और औद्योगिक प्रदेश का नाम लिखिए, जिनसे यह रेलमार्ग गुजरता है ।

(15.3) इस रेलमार्ग को कनाडा की आर्थिक धमनी क्यों कहा जाता है ?

Study the following map of Trans-Canadian Railway line carefully and answer the questions that follow :




(15.1) Name the terminal stations of this Railway line.

(15.2) Name the agricultural region and industrial region through which this line passes.

(15.3) Why is this railway line considered as the economic artery of Canada ?

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **15** के स्थान पर हैं :

**1 + 1 + 3 = 5**

(15.1) 'पार-महाद्वीप रेलमार्ग' शब्द को परिभाषित कीजिए ।

(15.2) कनाडा के पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग के अन्तिम सिरों के स्टेशनों के नाम लिखिए ।

(15.3) इस रेलमार्ग के आर्थिक महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. **15**.

(15.1) Define the term 'Trans-Continental railway'.

(15.2) Name the terminal stations of Trans-Continental Railway of Canada.

(15.3) Explain the economic significance of this Railway line.

16. ‘विकास’ से क्या अभिप्राय है ? समता, सतत पोषणीयता, उत्पादकता और सशक्तीकरण किस प्रकार मानव विकास के चार स्तंभ हैं ? स्पष्ट कीजिए । **1 + 4 = 5**

What is the meaning of ‘development’ ? Explain how equity, sustainability, productivity and empowerment are the four pillars of human development.

17. भारत में जनसंख्या के ग्रामीण–नगरीय प्रवास के जनांकिकीय और सामाजिक परिणामों की आलोचनात्मक ढंग से परख कीजिए । **2½ + 2½ = 5**

Examine critically the demographic and social consequences of rural-urban migration of population in India.

18. ‘पिछले पाँच दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था में प्रमुख बदलाव आए हैं तथा इसने देश में भू-उपयोग परिवर्तन को प्रभावित किया है ।” उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए । **5 × 1 = 5**

“India has undergone major changes within the economy over the last five decades and this has influenced the land-use changes in the country.” Support the statement with examples.

19. ‘मुम्बई–पुणे’ औद्योगिक प्रदेश के विकास के लिए उत्तरदायी किन्हीं पाँच अनुकूल कारकों की व्याख्या कीजिए । **5 × 1 = 5**

Explain any five favourable factors responsible for the development of ‘Mumbai-Pune’ industrial region.

20. “भारतीय समुद्री–पत्तन अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेशद्वार हैं ।” इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए । **5**

“The Indian seaports are the gateways of the international trade.” Justify the statement.

21. **संसार** के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में दिखाए गए पाँच भौगोलिक लक्षणों, A, B, C, D और E की पहचान कीजिए और उनके सही नाम निम्नलिखित जानकारी की मदद से उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए : **5 × 1 = 5**

(A) एक प्रमुख समुद्री–पत्तन

(B) एक अन्तर्राष्ट्रीय वायु–पत्तन

(C) एक औद्योगिक प्रदेश

(D) एक निर्वाहन संग्रहण का क्षेत्र

(E) एक मेगा सिटी

In the given political outline map of the world, five geographical features are marked as A, B, C, D and E. Identify them and write their correct names on the lines marked, near them, with the help of the following information :

(A) A major sea-port.

(B) An International air-port.

(C) An Industrial region.

(D) An area of subsistence gathering.

(E) A mega city.

**नोट** : निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **21** के स्थान पर हैं : **5 × 1 = 5**

(21.1) ऑस्ट्रेलिया के किसी एक प्रमुख समुद्री–पत्तन का नाम लिखिए ।

(21.2) इटली के अन्तर्राष्ट्रीय वायु–पत्तन का नाम लिखिए ।

(21.3) जर्मनी का प्रमुख औद्योगिक प्रदेश कौन सा है ?

(21.4) ब्राजील में निर्वाहन संग्रहण क्षेत्र का उल्लेख कीजिए ।

(21.5) नाइज़ीरिया की 'मेगा सिटी' का नाम लिखिए ।

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. **21** :

(21.1) Name any one major sea-port of Australia.

(21.2) Name the international air-port of Italy.

(21.3) Which is the major industrial region of Germany ?

(21.4) Mention the area of subsistence gathering in Brazil.

(21.5) Name the mega city of Nigeria.

22. **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित भौगोलिक लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : **5 × 1 = 5**

(22.1) कहवा (कॉफी) का अग्रणी उत्पादक राज्य

(22.2) पश्चिम बंगाल में एक महत्त्वपूर्ण कोयला खनन क्षेत्र

(22.3) मध्य प्रदेश में सूती वस्त्र मिलों एक महत्त्वपूर्ण केन्द्र

(22.4) ओडिशा में एक महत्त्वपूर्ण समुद्री–पत्तन

(22.5) सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

Locate and label the following Geographical features on the Political Outline map of India with appropriate symbols :

(22.1) The leading Coffee producer State.

(22.2) An important Coal mining area in West Bengal.

(22.3) An important Centre of Cotton Textile Mills in Madhya Pradesh.

(22.4) An important seaport in Odisha.

(22.5) The State with lowest density of population.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **22** के स्थान पर हैं : **5 × 1 = 5**

(22.1) भारत के अग्रणी कहवा (कॉफी) उत्पादक राज्य का नाम लिखिए ।

(22.2) झरिया कोयला खनन क्षेत्र किस राज्य में स्थित है ?

(22.3) गुजरात के किसी एक महत्त्वपूर्ण सूती वस्त्र मिलों के केन्द्र का नाम लिखिए ।

(22.4) गोवा के महत्त्वपूर्ण समुद्री–पत्तन का नाम लिखिए ।

(22.5) भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सबसे कम है ?

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. **22** :

(22.1) Name the leading Coffee producer State in India.


(22.2) In which State is Jharia Coal Mining area located ?

(22.3) Mention any important Centre of Cotton Textile Mills of Gujarat.

(22.4) Name the important seaport of Goa.

(22.5) Which State of India has the lowest density of population ?

प्रश्न सं. 21 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 21




Cut Here ——— यहाँ से काटें ——— Cut Here ——— यहाँ से काटें

यहाँ से काटें ———— Cut Here ———— यहाँ से काटें ———— Cut Here

प्रश्न सं. 22 के लिए मानचित्र
Map for Q. No. 22

भारत - राजनैतिक
**INDIA - POLITICAL**

